## एक नजर में

### भगवान हाटकेश्वर के प्राकट्य दिवस पर कार्यक्रम



**मक्सी।** प्रतिवर्षानुसार मक्सी नगर के नागर समाजजनों द्वारा बुधवार को भगवान हाटकेश्वर के प्राकट्य दिवस के अवसर पर व्यास परिसर में विराजीत भगवान हाटकेश्वर का पूजन अर्चन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार पूजन, आरती के पश्चात समस्त उपस्थित नागरजनों द्वारा मध्यप्रदेश नागर ब्राहम्ण परिषद की स्थानीय शाखा के पुर्नगठन पर विस्तृत विचार विमर्श किया।उपस्थित समाजजनों ने अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं प्रस्तुत की। कुछ समाजजन वर्तमान कार्यकारणी को ही निरतंर रखना चाह रहे थे वहीं कुछ ने कार्यकारणी मे आंशिक परिवर्तन करने का सुझाव प्रस्तुत किया।बैठक में चर्चा के दौरान एक सुझाव आया की चूंकि समाज के पुरूष वर्ग अपने अपने कामों में व्यस्त रहते हैं तथा समाज को अधिक समय प्रदान नहीं कर पाते हैं अत: इस बार महिलाओं को कार्यकारणी में प्रतिनिधित्व प्रदान करना चाहिए।इस विषय पर विस्तृ विचार विमर्श करने के पश्चात सभी उपस्थित समाजजनों ने निर्णय लिया कि मक्सी शाखा ऐसी पहली शाखा बने जहां पर सम्पूर्ण कार्यकारणी मे महिलाओं को स्थान दिया जाए। समस्त उपस्थित समाजजनों द्वारा चर्चा करने पर एवं सुझाव प्रदान करने के पश्चात ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में मक्सी शाखा के समस्त पदाधिकारियों के पद पर महिला सदस्यों का चयन किया गया। अध्यक्ष पद पर मनोरमा नागर, सचिव पद पर लता नागर, कोषाध्यक्ष के रूप में कविता मेहता, उपाध्यक्ष के रूप में श्यामा नागर, कुसुम नागर, ममता व्यास तथा सह सचिव के रूप में किरण शर्मा, भावना व्यास व पूनम नागर के नामों पर सहमति बनी। इस अवसर पर शाखा के पूर्व अध्यक्ष मणीशंकर नागर, महेश व्यास, छगनलाल नागर, बालकृष्ण नागर, पुरूषोत्तम शर्मा, तेजकरण नागर, रौनक मेहता, अमृता मेहता, मनन नागर, सुलभ व्यास आदि उपस्थित थे।

### पक्षियों के लिए चलेगा पक्षी मित्र अभियान

**शुजालपुर, 1 अप्रैल।** गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही पक्षियों के लिए पानी की समस्या को देखते हुए श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट द्वारा पक्षी मित्र अभियान की शुरुआत की जा रही है।इस अभियान के तहत शहर में विभिन्न स्थानों पर पेड़ों एवं घरों की छतों पर सकोरे बांधकर पक्षियों को दाना-पानी उपलब्ध कराया जाएगा। ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक स्थानों पर सकोरे लगाकर पक्षियों को राहत पहुंचाना है।इसके लिए नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की जाएगी कि वे अपने जन्मदिन या परिवारजनों की स्मृति में सकोरे भेंट करें, ताकि इस अभियान को व्यापक बनाया जा सके। अभियान का शुभारंभ 4 अप्रैल को ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष डॉ। सुशील कुमार गेहलोत की पूज्य माताजी स्वर्गीय गौरा बाई गेहलोत की पुण्यतिथि के अवसर पर किया जाएगा।इस दौरान महिला मंडल की सदस्यों को सकोरे वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष कला गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, जबकि जिला अध्यक्ष बिंदु सोनी, तहसील अध्यक्ष रेखा खत्री एवं तहसील महामंत्री वर्षा कुशवाह विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अकोदिया अध्यक्ष एवं ट्रस्ट की प्रदेश उपाध्यक्ष रचना शर्मा करेगी।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगा चल समारोह

**शुजालपुर, 1 अप्रैल।** भगवान श्रीहनुमान जी का जन्मोत्सव बुधवार को उत्साह व श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर है। हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। श्री हनुमान जन कल्याण समिति भीमपुरा शुजालपुर सिटी द्वारा अखाड़ा सहित भव्य चल समारोह बुधवार को 4 बजे हनुमान मंदिर बालाजी धाम भीमपुरा से निकाला जाएगा, जो कि शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरेगा। चल समारोह उपरांत महाआरती व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया जाएगा, साथ ही मंदिर परिसर पर आकर्षक साज सज्जा के अलावा धार्मिक आयोजन होंगे।

### महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया



**बड़ौद।** जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया।इस पावन अवसर पर शहर के जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान महावीर स्वामी का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा एवं आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान महावीर की आकर्षक झांकी, बैंड-बाजे और धार्मिक भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। समाज के युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।इस अवसर पर समाज के वक्ताओं ने भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य, प्रेम और करुणा के संदेश को अपनाने का आह्वान किया। अंत में सामूहिक स्वामी वात्सल्य एवं प्रसादी का आयोजन किया गया। पूरे शहर में धार्मिक उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्याऊ का शुभारंभ




**बड़ौद।** जनपद पंचायत कार्यालय में जल गंगा संवर्धन और आमजन को राहत देने के उद्देश्य से प्याऊ की स्थापना की गई। बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह पहल राहगीरों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो होगी। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामसिंह परिहार ने फीता काट कर प्याऊ का शुभारंभ किया।इस अवसर पर जनपद के तीर्थराज कटरे, रमेश सोनी, अब्दुल रशीद, काजी एनउद्दीन, बंटी परमार सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### घायल की मौत पर परिजन को 8 .52 लाख की क्षतिपूर्ति

**शुजालपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु होने के मामले में मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण ने मृतक के परिजनों को 8 लाख 52 हजार 210 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का आदेश दिया है।साथ ही आवेदन प्रस्तुत किए जाने की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय रहेगा।

# पुराना सीएम राइज भवन उत्कृष्ट विद्यालय को मिला

## शहर के कई प्राथमिक और माध्यमिक भवन हो गए खाली



**शाजापुर। सीएम राइज याने सांदीपनी विद्यालय अब अपने नए भवन में स्थानांतरित हो गया है। सीएम राइज का भवन पूर्व क्रमांक 2 स्कूल का पूरा परिसर उत्कृष्ट विद्यालय को देने की घोषणा कर दी गई है। अब उत्कृष्ट विद्यालय के पास बड़ा परिसर हो गया है। यानि कि हायर सेकंडरी स्कूल अब उत्कृष्ट विद्यालय के नाम से जाना जाएगा। वहीं दूसरी ओर प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों को सांदीपनी विद्यालय में मर्ज करने के कारण शहर के कई प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल भवन खाली हो गए हैं, जो आंगनवाड़ी या अन्य सरकारी कार्यालयों के लिए आवंटित हो सकते हैं।**

गौरतलब है कि सांदीपनी विद्यालय के नए भवन में स्कूल अब संचालित होगा। इस भवन में शहर के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी पढ़ाई करेंगे। स्कूल चलें हम के प्रवेशोत्सव के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय को भी सीएम राइज का पुराना भवन मिल गया है। अब उत्कृष्ट विद्यालय का परिसर एक होगा।

संभवत: जो दो शिफ्टों में उत्कृष्ट विद्यालय संचालित होता है, वो अब एक शिफ्ट में संचालित हो सकता है। उत्कृष्ट विद्यालय की लंबे समय से मांग थी कि जब भी सीएम राइज स्कूल नए भवन में स्थानांतरित हो, तो ये भवन उन्हें दिया जाए। जिसको विधायक अरुण भीमावद ने सार्थक करते हुए उत्कृष्ट विद्यालय को सीएम राइज का पुराना भवन आवंटित करा दिया।





### पानी की समस्या है नए सीएम राइज स्कूल में

सीएम राइज स्कूल भवन बनकर तैयार हो गया और कक्षाएं भी शुरू हो गई, लेकिन पानी की समस्या अभी भी यथावत है। अप्रैल के महीने में तो पानी बाहर से मंगाना पड़ेगा, लेकिन जून से सत्र शुरू होगा, तो उसके पहले पानी का स्रोत स्थायी रूप से करना होगा। क्योंकि बच्चों की संख्या भी बढ़ गई है और ऐसे में पानी न होने से छात्र-छात्राओं और स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**आंगनवाड़ी को मिल सकते हैं खाली स्कूल भवन**

प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय जो सीएम राइज में मर्ज हुए हैं अब ये भवन आंगनवाड़ी या अन्य किसी सरकारी कार्यालय को आवंटित किए जा सकते हैं। कई सरकारी कार्यालय ऐसे हैं, जो आज भी किराये के भवनों में संचालित हो रहे हैं, तो हो सकता है कि कई सरकारी कार्यालय भी इन स्कूलों में लगना शुरू हो जाएं।



### घंटी बजाकर उत्कृष्ट विद्यालय में किया प्रवेश उत्सव का प्रारंभ....

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में नवीन शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष जोशी, मनोहर विश्वकर्मा, आशीष नागर, शीतल भावसार, मुकेश दुबे, दिलीप त्रिवेदी उपस्थित हुए. अध्यक्षता संस्था प्राचार्य हेमेंद्र यादव ने की. संचालन श्रीमती रेखा पुरोहित ने किया. मुख्य अतिथि अरुण भीमावद ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विद्यालय में उपलब्ध भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित करने चाहिए. कार्यक्रम के दौरान विधायक ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत करते हुए स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत घंटी बजाकर प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया तथा दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल भी प्रदान की. इसके साथ ही विद्यालय में नवस्थापित इलेक्ट्रॉनिक प्रयोगशाला का शुभारंभ भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया, जो विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी. कार्यक्रम के अंत में माता सरस्वती का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई. इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

#### इनका कहना है

*उत्कृष्ट विद्यालय की मांग थी कि सीएम राइज स्कूल स्थानांतरित होने के बाद पुराना भवन उन्हें आवंटित किया जाए। आज उत्कृष्ट विद्यालय की मांग पूरी करते हुए पुराना सीएम राइज भवन उन्हें आवंटित कर दिया गया है।*

***- अरुण भीमावद, विधायक, शाजापुर***

*सीएम राइज स्कूल में पानी को लेकर प्रस्ताव भेजा है। जिसका निराकरण जल्द ही किया जाएगा। साथ ही प्राथमिक और माध्यमिक जो स्कूल भवन खाली हुए हैं, उन्हें आवंटित करने का अधिकार कलेक्टर को है।*

***- राजेंद्र शिप्रे, जिला शिक्षा अधिकारी, शाजापुर***

### दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

**बड़ौद, 1 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मदकोटा द्वारा बाबा बैजनाथ गार्डन, बड़ौद में 2 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 8 सत्र आयोजित किए गए, जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, मयंक राजपूत, सूरजसिंह परिहार, दिलीप सकलेचा, गोविंद सिंह बरखेड़ी, चिंतामन राठौर, जिला प्रभारी बड़वानी बाबूलाल यादव उपस्थित रहे। समापन अवसर पर विधायक मधु गेहलोत, मंदसौर जिला प्रभारी दिलीप सकलेचा, मंडल प्रभारी पवन वेदिया एवं पूर्व जिला महामंत्री कैलाश कुंभकार, महामंत्री राधेश्याम झाला विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला की रूपरेखा मंडल अध्यक्ष राजेश आर्य जायसवाल द्वारा प्रस्तुत की गई।

# शराब प्रेमी सबसे संतोषी और अनुशासित नागरिक...!

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

महंगाई बढ़ती रहेगी, शहर बंद होते रहेंगे, मगर दिल का ये अरमान कभी कम न होगा, दुनिया ढूंढती रह जाए भले ही सुकून बाजारों में, हमारा तो हर मर्ज बस एक पेग में खत्म होगा। यह सचमुच शोध का विषय है कि एक आम इंसान महंगाई को लेकर चिल्लाचोट करता है। डीजल-पेट्रोल पर दो रुपए क्या बढ़े, लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। सब्जी के दाम बढ़ते हैं, तो लोग सब्जी वाले को कोसने लग जाते हैं। अब युद्ध चलने से गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे। घंटों लाइन में लगे-लगे सरकार को कोस रहे हैं। लेकिन कभी आपने सोचा कि शराब की कीमत कितनी ही बढ़ जाए, दुकान पर कितनी ही लंबी लाइन हो, शराब प्रेमी अनुशासित नागरिक का धर्म पालन करते हुए बिना चिल्लाचोट के जो पैसे शराब दुकानदार बोलता है, जेब से निकालकर दे देता है। एक मात्र शराब की दुकान ऐसी है, जहां न महंगाई का असर दिखता है और न विरोध का। कभी देखने को नहीं मिला होगा कि शराब महंगी होने पर कभी आंदोलन हुआ हो। एक सच्चा शराब प्रेमी शराब की दुकान के बाहर पहुंचते ही महंगाई शब्द को अपनी डिक्शनरी से डिलीट कर देता है। शराब प्रेमी इस दुनिया का सबसे संतोषी और अनुशासित नागरिक है। दुनिया में युद्ध छिड़ा हो, शेयर मार्केट क्रैश हो गया हो या देश में भारी हड़ताल हो, एक सच्चा सोमरस प्रेमी इन सांसारिक दुखों से कोसों दूर रहता है। उसके लिए मोक्ष का मार्ग सीधा ठेके के काउंटर से होकर गुजरता है। आम आदमी के लिए महंगाई डायन है, लेकिन शराबी के लिए वह महज एक नंबर है। पेट्रोल 100 के पार चला गया, तो लोग कार छोड़कर साइकिल और ई-व्हीकल पर आ गए, लेकिन शराब की बोतल चाहे 500 की हो या 5000 की, सुरा प्रेमी कभी माइलेज की चिंता नहीं करता। वह देश का इकलौता ऐसा ग्राहक है, जो बिना मोलभाव किए खुशी-खुशी एडिशनल टैक्स और सेस चुकाता है। वह तो मानों सरकार से चीख-चीख कर कहता है तुम टैक्स बढ़ाते रहो, हम पेग बढ़ाते रहेंगे।

**सरकार की अर्थव्यवस्था को लीवर के दम पर दिया सहारा...**

जिस देश में लोग मंदिर की लाइन या राशन की लाइन में धक्का-मुक्की करते हैं, वहीं कुछ लोग ठेके के बाहर साधु की तरह शांत खड़े नजर आते हैं। भीषण गर्मी हो या मूसलाधार बारिश, शराबी की तपस्या भंग नहीं होती। वह लंबी लाइनों में भी ऐसे खड़ा रहता है, जैसे सीमा पर तैनात सिपाही हो। उसे न तो पैर दुखने की शिकायत है, न ही समय बर्बाद होने का गम। उसे बस उस सुनहरे तरल के दर्शन की प्यास है। शराबी कभी शिकायत नहीं करता कि सड़कों पर गड्ढे क्यों हैं। उसे तो खुशी है कि उन गड्ढों की वजह से उसकी गाड़ी थोड़ी और झूम रही है। जब बजट आता है और शराब पर ड्यूटी बढ़ती है, तो मध्यम वर्ग रोता है, लेकिन शराबी सीना चौड़ा करके कहता है देश की तरक्की में मेरा बड़ा हाथ है। वास्तव में, वह देश की डूबती अर्थव्यवस्था को अपने लीवर के दम पर सहारा दिए हुए है। शराबी के लिए लाइन सिर्फ एक कतार नहीं, बल्कि परीक्षा की घड़ी है। महंगाई उसकी निष्ठा की जांच है और हड़ताल संयम का इम्तिहान है।

**इनके तो अन्नदाता हैं शराब ठेकेदार**

शराब ठेकेदार का हर महीने पुलिस और आबकारी विभाग प्रेमिका की तरह इंतजार करता है। क्योंकि हर महीने पुलिस के लिए और आबकारी विभाग के अमले के लिए शराब ठेकेदार अन्नदाता से कम नहीं है। क्योंकि उससे हर महीने बंदी जो मिलती है। पुलिस और आबकारी विभाग की नजर में शराब ठेकेदार पालनहार, अन्नदाता और सेठ की श्रेणी में आते हैं।

**और अंत में...**

महंगाई के दौर में भी हमने वफा निभाई है, पेट काटकर ही सही, महफिल तो सजाई है, न दुनिया के शोर से मतलब, न राजनीति के खेल से, हमने तो बस इस बोतल में ही अपनी जन्नत पाई है।

**एक नजर में** — मंत्री इंदरसिंह परमार रहे मुख्य अतिथि, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# प्रवेश उत्सव : शासकीय स्कूलों में पुष्प वर्षा कर विद्यार्थियों को कराया प्रवेश

**शुजालपुर। मां शारदा सांदीपनि विद्यालय के बहूद्देशीय हाल में जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर द्वारा शासकीय विद्यालयों का प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष बबीता बेनी प्रसाद परमार ने की।**



कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई, जिसके पश्चात पीएम श्री विद्यालय के संगीत शिक्षक राजेश दवे एवं प्रदीप वैष्णव के साथ छात्र-छात्राओं ने वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर मंत्री परमार ने नवीन सत्र के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्वागत भाषण जनपद शिक्षा केंद्र के संजय देशमुख द्वारा दिया गया।

**मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान**

कार्यक्रम में मां शारदा सांदीपनि विद्यालय के तीन विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं मैरिट कम मींस स्कॉलरशिप में विद्यालय के 12 विद्यार्थियों के चयन पर भी उन्हें सम्मानित किया गया। चयनित विद्यार्थियों को 48 माह तक प्रति माह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थी विज्ञान मंथन में राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाली छात्रा को पुरस्कृत किया गया।

### दूरस्थ विद्यार्थियों को किया साइकिल वितरण

ऐसे विद्यार्थियों को जिनके गांव में हाई स्कूल नहीं है और जो 3 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर अध्ययन के लिए आते हैं, प्रतीक स्वरूप साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ। रजनीश त्रिवेदी, पीएम श्री विद्यालय की प्राचार्य अल्पना राणा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्षवर्धन चतुर्वेदी, जनपद शिक्षा केंद्र प्रभारी सुरेंद्र गोखले सहित शासकीय विद्यालयों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल विजयवर्गीय तथा आभार उपप्राचार्य मुकेश नेमा ने माना।

**प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों को बांटी पाठ्यपुस्तकें**

सिटी स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर में प्रवेश उत्सव समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के पूर्व छात्र सुशील सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य तृप्ती पाठक ने की, मुख्य अतिथि सोनी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य पाठक ने शासन की मंशा के अनुरूप नवीन शिक्षण सत्र में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर पालकों की उपस्थिति भी रही। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका गायत्री महाडिक ने आभार व्यक्त किया, जबकि संचालन दिनेश राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राजेश श्रीवास्तव रहे। इस दौरान दिनेश राय, विक्रम परमार, सुनील सोनी, नीरजा सोनी, ताहिरा बी, नीतू सक्सेना, अलका यादव, सुनीता साहू, अर्चना दवे, सुषमा जैन, सपना यादव, सालिनी चन्द्रवंशी, गोविंद मेवाडा आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम



सोयतकलां। स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार जाटव के निर्देशानुसार शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया सुसनेर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रकाश यादव ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया. इसके पश्चात शिक्षिका श्रीमती रेखा दांगी तथा शिक्षक भूपेंद्र सिंह झाला, कैलाशचंद्र दांगी, तिलोकचंद्र पाटीदार एवं रमेशचंद्र दांगी द्वारा विद्यार्थियों का कुमकुम तिलक एवं पुष्पमाला से स्वागत किया गया. अध्यक्ष प्रकाश यादव एवं संस्था प्रभारी भेरूलाल ओसारा द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया. कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सिंह झाला द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन कैलाशचंद्र दांगी ने व्यक्त किया.